कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

पंचदीप भवन, सर्वोदय नगर, कानपुर-208005
Panchdeep Bhawan, Sarvodaya Nagar, Kanpur-208005
Phone: 0512-2217957
Email: rd-up@esic.nic.in
Website: www.esic.nic.in/ www.esic.in

पत्रांक: 21-F/F&A/पेंशन अदालत/2023 दिनांक: 24.09.2025

सेवा में,

श्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल
महामंत्री,ई.एस.आई.सी. पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन,कानपुर (उ.प्र.)
335, प्रेम नगर–C, शुक्लागंज, जनपद – उन्नाव
उत्तर प्रदेश – 209861

**विषय: दिनांक 26.09.2025 को अपराह्न 03:00 बजे क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में ई.एस.आई.सी. के पेंशनभोगियों के साथ विशेष "सुविधा समागम" के आयोजन के संबंध में।**

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि ई.एस.आई.सी. के पेंशनभोगियों के साथ एक विशेष "सुविधा समागम" का आयोजन दिनांक 26 सितंबर 2025 को अपराह्न 03:00 बजे, इस कार्यालय में क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में किया जा रहा है।

यह सुविधा समागम पेंशनभोगियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ-साथ, उनके विभिन्न विषयों से संबंधित सुझावों, समस्याओं एवं शिकायतों (grievances) के सुनवाई एवं समाधान हेतु एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया इस विशेष समागम में पेंशनभोगियों सहित सादर उपस्थित होकर, उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराने की कृपा करें, जिससे उनकी समस्याओं का समयबद्ध एवं उचित निराकरण किया जा सके।

भवदीय,

आशीष

आशीष कुमार
उप निदेशक (वित्त एवं लेखा शाखा)

प्रतिलिपि:

1. शाखा अधिकारी, सामान्य शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर – दिनांक 26.09.2025 को अपराह्न 03:00 बजे आयोजित पेंशनभोगियों के साथ विशेष सुविधा समागम हेतु आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करें।
2. शाखा अधिकारी, स्थापना शाखा-2, क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर – जानकारी एवं उपरोक्त बैठक में सम्मिलित होने हेतु।
3. शाखा अधिकारी, नकद शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर – जानकारी एवं उपरोक्त बैठक में सम्मिलित होने हेतु।
4. शाखा अधिकारी, आई.टी. शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर – जानकारी एवं आवश्यक कार्यवाही (ऑनलाइन सूचना प्रसारित करने हेतु)।
5. सूचना पट्ट – आवश्यक सूचना हेतु।

156
25/09/25